

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 160 | ग्वालियर बुधवार 17 जून 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


# चीन की सेना के साथ झड़प, 20 भारतीय सैनिक शहीद



**नई दिल्ली।** भारत और चीन का सीमा विवाद अब काफी तल्ख होता जा रहा है। जहां पिछले 4 दशकों से हिंसा नहीं देखने को मिली वहां माहौल सोमवार रात अचानक बदल गया। चीन की तरफ से लद्दाख बॉर्डर पर हिंसा हुई जिसमें हमने अपनी सेना के जवानों को खो दिया। ऐसा करीब 45 साल बाद हुआ है कि भारत-चीन बॉर्डर पर हिंसा में किसी सैनिक की शहादत हुई हो। वैसे माना जाता है कि एलएसी बॉर्डर पर आखिरी फायरिंग (दोनों तरफ से) 1967 में हुई थी, लेकिन ऐसा सच नहीं है। चीन की तरफ से 1975 में भी भारतीय सैनिकों पर हमला हुआ था। लद्दाख में एलएसी पर भारतीय और चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई है। वहीं पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में सोमवार को चीन की सेना के साथ झड़प में कम से कम 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए हैं। एएनआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया है कि यह संख्या और भी बढ़ सकती है। इससे पहले दिन में एक अफसर समेत तीन जवानों के शहादत की खबर आई थी। उसके बाद से ही दिल्ली में ताबड़तोड़ बैठकों का दौर जारी रहा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को दो बार लद्दाख के हालात को लेकर समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी मौजूदा हालात से अवगत करा दिया गया है।

### जवानों की शहादत पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला

## पीएम और रक्षा मंत्री तोड़े चुप्पी

**नई दिल्ली।** लद्दाख में चीनी सैनिकों के साथ झड़प में सेना के जवानों की शहादत के बाद केंद्र सरकार पर कांग्रेस ने हमला शुरू कर दिया है। कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा गया है कि ऐसी घटना स्वीकार नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अपनी चुप्पी तोड़नी होगी। बता दें कि लद्दाख की गलवान घाटी में सोमवार रात चीनी सैनिकों के साथ हिंसक टकराव के दौरान भारतीय सेना का 1 अधिकारी और 2 जवान शहीद हो गए। सेना ने यह जानकारी दी है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रेस रिलीज जारी किया है। उसमें कहा गया है कि चीनी सेना द्वारा लद्दाख में 3 स्थानों पर अप्रैल ,मई के बाद भारतीय सीमा में की गई घुसपैठ की खबरों ने पूरे देश में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। भारतीय की सुरक्षा व क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों में एलएसी पर एक भी दुर्घटना नहीं हुई है। भारतीय सेना के जवानों की शाहदत भारत-चीन सीमा पर नहीं हुई है।

**राहुल गांधी ने जाहिर की संवेदना**

लद्दाख में हुई देश के जवानों की शहादत पर कागेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संवेदना व्यक्त करते हुए ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि देश के लिए शहीद होने वाले जवानों के दर्द को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। हमारे देश के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले जवानों के चाहने वालों के प्रति मेरी संवेदना है। हम इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं।

## विदेश मंत्री की आपात बैठक

भारत-चीन के बीच लद्दाख की गलवान घाटी में चल रहे तनाव के बीच सोमवार की रात चीनी सैनिकों के साथ हिंसक टकराव के दौरान भारतीय सेना का एक अधिकारी और दो जवान शहीद हो गए। सेना ने यह जानकारी दी। इसे चीन की सीमा पर लगभग 45 साल बाद, भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों की शहादत की संभवत- पहली घटना माना जा रहा है। इससे पहले 1975 में अरुणाचल प्रदेश में तुलुंग ला में हुए संघर्ष में चार भारतीय जवान शहीद हो गए थे। सेना ने कहा कि चीन को भी नुकसान हुआ है। हालांकि कितना नुकसान हुआ है यह अभी स्पष्ट नहीं है। इस घटना को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेना प्रमुखों और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के साथ बैठक की है। पूर्वी लद्दाख के घटनाक्रमों पर चर्चा की गई। इस बीच सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की पठानकोट सैन्य स्टेशन की यात्रा रद्द कर दी गई है। आज दोपहर 3 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की मुख्यमंत्रियों के साथ होने वाली बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी हिस्सा लेंगे। इसी बैठक में रक्षा मंत्री प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को सभी घटनाक्रमों की जानकारी देंगे।

## भविष्य में करोना का ये दौर याद किया जाएगा : पीएम मोदी

### अर्थव्यवस्था पर प्रधानमंत्री ने कहा पटरी पर लौटने के संकेत दिखने लगे हैं

**नई दिल्ली।** देश में बढ़े कोरोना संकट के बीच दो दिनों की केंद्र और राज्यों की अहम बैठक शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब,चंडीगढ़ समेत पहाड़ी और पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ बैठक कर रहे हैं। मुख्यमंत्रियों से संवाद में पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना रोक पाएंगे। उतना ही हमारी अर्थव्यवस्था खुलेगी, हमारे दफ्तर खुलेंगे, मार्केट खुलेंगे, ट्रांसपोर्ट के साधन खुलेंगे, और उतने ही रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे यहां जो छोटी फैक्ट्रियां हैं उन्हें गाइडेंस की, हैंड होल्डिंग की बड़ी



वायरस से हुई किसी की भी मौत असहज करने वाली है। पीएम मोदी ने कहा कि भविष्य में जब कभी भारत की कोरोना के खिलाफ लड़ाई का अध्ययन होगा, तो ये दौर इसलिए भी याद किया जाएगा कि कैसे इस दौरान हमने साथ मिलकर काम सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया। पीएम ने कहा कि दुनिया के बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स, हेल्थ के जानकार, लॉकडाउन और भारत के लोगों द्वारा दिखाए गए अनुशासन की आज चर्चा कर रहे हैं। भारत में रिकवरी रेट 50 प्रतिशत से ऊपर है। भारत दुनिया के उन देशों में अग्रणी है जहां कोरोना संक्रमित मरीजों का जीवन बच रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमें इस बात का हमेशा ध्यान रखना है कि हम कोरोना को जितना रोक पाएंगे, उसका बढ़ना जितना जरूरत है। मुझे पता है आपके नेतृत्व में इस दिशा में काफी काम हो रहा है। पीएम ने कहा कि ट्रेड और इंडस्ट्री अपनी पुरानी रफ्तार पकड़ सकें, इसके लिए वैल्यू चैंस पर भी हमें मिलकर काम करना होगा। मुख्यमंत्रियों से बातचीत में पीएम ने कहा कि किसान के उत्पाद की मार्केटिंग के क्षेत्र में हाल में जो रिफॉर्म्स किए गए हैं, उससे भी किसानों को बहुत लाभ होगा। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए नए विकल्प उपलब्ध होंगे, उनकी आय बढ़ेगी और स्टोरेज के अभाव के कारण उनको जो नुकसान होता था, उसे भी हम कम कर पाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि लोकल प्रोडक्ट के लिए जिस क्लस्टर बेस्ड रणनीति की घोषणा की गई है, उसका भी लाभ हर राज्य को होगा।

## शोपियां में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकी किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों को मंगलवार 16 जून को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. भारतीय सेना ने शोपियां के तुर्कवांगम क्षेत्र में एक मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया है. मारे गए इन आतंकवादियों में एक हिजबुल मुजाहिदीन का शीर्ष कमांडर बताया जा रहा है. अधिकारियों का कहना है कि स्थानीय पुलिस को इस क्षेत्र में आतंकियों के छुपे होने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई. इस पर स्थानीय पुलिस ने भारतीय सेना और विशेष बल इकाइयों के साथ सुबह के समय एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया. इस दौरान पूरे एरिया की घेराबंदी की गई है. ऐसे में जब आतंकवादियों ने खुद को चारो तरफ से घिरा देखा तो पुलिस व सेना के जवानों पर फायरिंग की . इस पर पुलिस और भारतीय सेना की टीम ने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है. वहीं इलाके में और भी आंतकवादी छिपे होने की आशंका से सर्च ऑपरेशन जारी है.



## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी ठीक नहीं, इसे तुरंत वापस लिया जाए : सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में की जा रही बढ़ोतरी को वापस लेने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया है। प्रधानमंत्री को ड्डलिखे पत्र में उन्होंने कहा कि सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाकर 2,60,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व जुटाने का प्रयास कर रही है, लेकिन कोरोना संकट के दिनों में लोगों पर वित्तीय बोझ डालना उचित नहीं है। सोनिया ने कहा मौजूदा कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई के दौरान भारत को स्वास्थ्य संबंधी, आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। मुझे इस बात की पीड़ा है कि ऐसे मुश्किल समय में सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने का असंवेदनशील निर्णय लिया। उनके मुताबिक ऐसे समय सरकार के इस फैसले का कोई औचित्य समझ नहीं आता जब देश के करोड़ों लोगों की नौकरियां चली गई हैं, उनके सामने जीविका का संकट खड़ा है, छोटे, मध्यम एवं बड़े कारोबार बंद हो रहे हैं और किसानों को भी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।



## भारत में आधे से अधिक मरीज हुए ठीक रिकवरी रेट 52 फीसदी के पार

**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 10215 मरीज ठीक हुए हैं। इसी के साथ देश में कोरोना वायरस की चपेट में आए मामलों में से 180012 मरीज अब तक ठीक हो चुके हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि देश में कोरोना वायरस से रिकवरी रेट भी बढ़कर 52.47 फीसदी हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि रिकवरी रेट बढ़ने का सीधा मतलब है कि देश में देश में कोरोना वायरस से पीड़ित मरीजों में आधे से अधिक ठीक हो रहे हैं। बता दें कि भारत में कोविड-19 के 10000 से अधिक नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 343091 हो गए।



## नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगे वाहनों को फूंका

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में नक्सलियों ने एक बार फिर सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों व मजदूरों को निशाना बनाया है. मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव जिले में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले से लगी सीमा पर सड़क निर्माण कार्य में लगे कई भारी वाहनों को जलाकर खाक कर दिया है और मजदूरों को भी धमकाया है. मिली जानकारी के मुताबिक



सोमवार 16 जून को राजनांदगांव जिले की सीमा से सटे गढ़चिरोली के कुरखेड़ा क्षेत्र में नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगी तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया. नक्सलियों ने घटना को अंजाम देते हुए सड़क निर्माण में लगे ट्रैक्टर और टिप्पर गाड़ी कुल 3 वाहनों को आग के हवाले कर दिया.

## जल्द लॉकडाउन लगाने से देश में तेजी से नहीं फैल पाया कोरोना का संक्रमण : हर्षवर्धन

**नई दिल्ली।** देश में लगातार तीसरे दिन कोरोना वायरस के मामलों में 11000 से अधिक वृद्धि और मृतकों का आंकड़ा 9520 तक पहुंचने के बावजूद स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि सरकार द्वारा लॉकडाउन जल्दी लागू किए जाने से भारत में कोविड-19 के मामले तेजी से नहीं बल्कि सपाट तरीके से बढे हैं। भारत में कोरोना संक्रमण के पुष्ट मामले 3,32,424 हो गए हैं जबकि पिछले 24 घंटे में 11,502 नये मामले सामने आए और इस दौरान 325 लोगों ने दम तोड़ दिया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुबह अपडेट में यह जानकारी दी। पिछले 24 घंटे में उपचार के बाद 7419 लोग ठीक हो गए जिससे अब तक स्वस्थ होने वाले व्यक्तियों की संख्या बढकर 1,69,797 हो गई है। स्वस्थ होने की दर बढकर 51.08 प्रतिशत हो गई यानी आधे से अधिक पॉजिटिव मामलों में मरीज स्वस्थ हो गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि अभी 1,53,106 मरीज उपचाराधीन है। हर्षवर्धन ने कहा कि सरकार कोरोना महामारी से निपटने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रख रही है। उन्होंने कोरोना वायरस की वृद्धि दर दिखाते एक ग्राफ के साथ ट्वीट में कहा लॉकडाउन जल्दी लगा दिया गया जिससे कोरोना वायरस के मामले तेजी से नहीं बल्कि सपाट तरीके से बढे। ग्राफ में दिखाया गया है कि 20 मार्च को कोरोना मामलों की वृद्धि दर 30 प्रतिशत से अधिक थी जो मई के पहले सप्ताह से करीब पांच प्रतिशत बनी हुई है। अमेरिका, ब्राजील और रूस के बाद कोरोना महामारी के सबसे ज्यादा मामले भारत में है। वर्ल्डोमीटर के आंकड़ों के अनुसार मृतकों की संख्या के मामले में भारत नौवे स्थान पर है। महामारी के बीच स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे की कमी की खबरों के बीच केंद्र ने सोमवार को राज्यों और केंद्रशासित प्रदशों से ऐसे बुनियादी ढांचे और वाजिब दरों पर जरूरी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए निजी क्षेत्र के साथ मिलकर काम करने को कहा है।



## अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील की बड़ी बहन की कोरोना से मौत

**मुंबई, ।** अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील की बड़ी बहन हमीदा की मौत होने की खबर है. बताया जा रहा है कि वो कोरोना वायरस से पीड़ित थी. उनका इलाज ठाणे के मुंब्रा में चल रहा था. हमीदा कहां रहती है फिलहाल यह पता नहीं चला है. मालूम हो कि 1 महीने के अंदर छोटा शकील की दो बहनों की मौत हो चुकी है. पिछले महीने छोटी बहन फहमीदा शेख का निधन हो गया था. छोटी बहन की मौत हार्ट अटैक से हुई थी. हालांकि उनका कोरोना टेस्ट भी किया गया था. फहमीदा अपने परिवार के साथ मुंबई से सटे मीरा रोड में रहती थी. उनके पति आरिफ शेख प्रॉपर्टी का काम करते हैं.

### केंद्रीय मंत्री ने कहा-सबको अच्छा भोजन देना बड़ी चुनौती

# 2050 में 160 करोड़ होगी भारत की जनसंख्या

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि वर्ष 2050 में भारत की आबादी 160 करोड़ तक पहुंच जाने की संभावना है। ऐसे में भारतीय प्लांट ब्रीडर्स और वैज्ञानिकों के सामने गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ाने की बड़ी चुनौती है, ताकि बढ़ती आबादी को पोषणयुक्त भोजन मिलता रहे। इसके लिए रोगरोधी व कीटरोधी उन्नत प्रजातियां विकसित करने की जरूरत है, जो सूखा, अत्यधिक तापमान, लवणीय व अम्लीय मिट्टी जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अच्छी पैदावार देने में



समर्थ हों। तोमर ने कहा कि बायोफोर्टिफिकेशन स्ट्रेटेजी का इस्तेमाल कर उच्च प्रोटीन, आयरन, ज़िंक, आदि पोषक तत्वों वाली उन्नत फसलों की प्रजातियां विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ाने की जरूरत है। इससे देश में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और समृद्धि आएगी। एक वेबीनार को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि किसानों ने साबित किया है कि वे किसी भी कठिन चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। कोविड संकट में, जब विश ?व अर्थ० ?यवस ?था के पहिए की रफ्तार धीमी पड़ गई थी, तब भी भारत के किसानों ने गांवों में उपलब्ध साधनों से ही बंपर पैदावार की। कहा कि लॉकडाउन में फसल कटाई का काम सामा- ?य गति से जारी रहा और खरीद भी पिछली बार से अधिक हुई। खरीफ फसलों की बुवाई भी पिछली बार से 45 प्रतिशत अधिक रही है। ये सब किसानों व हमारे गांवों की ताकत को प्रदर्शित करता है। तोमर ने दावा किया कि मोदी सरकार ने कृषि और किसानों के कल ?याण के लिए जितना निवेश किया, उतना कभी किसी भी सरकार ने नहीं किया। पहले मंत्रालय का जितना कुल बजट होता था, उससे अधिक तो अकेले पीएम-किसान सम्मान निधि स्कीम का ही बजट है। सरकार ने कृषि क्षेत्र में निजी निवेश लाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसके साथ ही मत्स्य पालन, पशुपालन, हर्बल खेती, मधुमक्खी पालन, फूड प्रोसेसिंग आदि क्षेत्रों में ऐसे ही प्रावधान किए गए हैं।

# खनिज का अवैध परिवहन करते पाए जाने वाले वाहनो को किया जाऐगा राजसात - आईजी चंबल

केशब पडित जी अम्बाह

**मुरैना।** आईजी चंबल श्री मनोज कुमार शर्मा व डीआईजी राजेश हिगणकर की अध्यक्षता में पुलिस की समीक्षा बैठक आज

## मुरैना आईजी व डीआईजी चंबल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

पुलिस सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुरैना मे कोराना महा मारी को लेकर लॉकडाउन रहा जिसको लेकर छीना झपटी लूटी चोरी जैसे अपराध न हो इन्है रोकने के लिये आईजी चम्बल व डीआईजी ने अपने अपने टिप्स दिये जिससे मुरैना बिल्कुल




अपराध न हो मुरैना बिल्कुल सैफ रहै वैसे देखा जाये तो मुरैना अपराध नियंत्रण में चंबल मे अब्बल रहा है सम्मपति रिकवरी से लेकर हत्या हत्या के प्रयास लूट डकैती गुमइंसान महिला संम्बधी अपराध अपहरण पर तीन गुणा नियत्रण अधिक हुआ है मुरैना का पिछ्ला रिकार्ड देखा जाये तो पुलिस कार्य प्रणाली अपराध नियंत्रण व सम्पत्ति रिकवरी मे तीन गुनी बेहत्तर रही है एसपी असित यादव ने बताया कि मे बरिष्ट अधिकारियो के सुझाबो को अपने जहन में उतार कर लग्न मेहनत दिन रात एक एक कर अच्छी पुलिसिग करने की पूरी पूरी कोशिस करूगा रेत शराब जुआ सट्टा पर मेरा अकुश रहा है फिर भी कही छुट पुट देखने को मिलता है तो गोपनीय मुखबिर तन्त्र द्वारा कारबाही जारी रहैगी आईजी चंबल श्री मनोज कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए कडे शब्दो में कहा कि खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कठोर कार्यवाही की जाए। खनिज का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने वाले वाहनो को राजसात करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि बार-बार अवैध परिवहन करने वालो पर रासुका की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जीरो टौलेरेंस होगी। किसी भी प्रकार की लापवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खनिज अधिकारी को कडे शब्दो में कहा कि कार्य को ठीक ढंग से करें, अन्यथा आपके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस का संयुक्त दल बनाकर अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही करें। बैठक में आगामी समय में संभावित विधानसभा उप निर्वाचन को देखते हुए आवश्यक तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य, उद्योग, शिक्षा विभाग की भी समीक्षा की कोराना मे अच्छा कार्य करने पर मुरैना एसपी डा.असित यादव की तारीफ की मुरैना मे और अच्छे परिणामो की आशा है...

# वन विभाग के अमले की उदासीनता से माफिया कर रहे जंगलों का सफाया

## तारादेही वनपरिक्षेत्र के चारों ओर जंगलों में हो रही अवैध कटाई वन विभाग बना जानकार भी अनजान

पुष्पांजली टुडे दमोह

एक और वन विभाग जंगलों को आबाद करने प्लानटेंशन के कार्य में जुटा हुआ है तो वहीं दूसरी ओर अवैध कटाई भी जोरो पर चल रही है शासन द्वारा वनों की सुरक्षा व देखभाल के लिए करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाया जा रहा है और वनों के संरक्षण हेतु शासन द्वारा भले ही कई योजनाओं के साथ अभियान चलाए जा रहे हो लेकिन तारादेही वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जंगलों में वन माफिया विभाग से मिलीभगत कर सक्रिय हैं और बेधड़क जंगलों का सफाया कर रहे हैं इसी तरह के मामले आमाखोई देवरी खरी बरटा बरमान इन बीटों का सामने आया है जहां पर वन माफिया द्वारा रात के समय में रोज अवैध कटाई की जा रही है तारादेही वन परिक्षेत्र के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं इनकी मिलीभगत से कीमती वृक्षों पर कुल्हाड़ी से प्रहार हो रहा है साथ ही सूत्रों द्वारा खबर आ रही है की तारादेही वन परिक्षेत्र में सागौन के वृक्षों की भी कटाई कराई जा रही है वन परिक्षेत्र का जंगल



तारादेही सीमा से लगा हुआ है विगत महीनों में क्षेत्र भर में दर्जनों ईट भट्टा का कार्य जोरों पर चल रहा है ईट पकाने मे़ सैकड़ों पेड़ों को धराशायी कर ईट भट्टा पकाने में झोका जाता है ज्ञात हो कि तेन्दूखेड़ा वनपरिक्षेत्र झलौन वनपरिक्षेत्र तेजगढ़ वनपरिक्षेत्र और तारादेही मे़ पेड़ों की कटाई होना आजकल आम बात हो गई है इसके बाद भी वन विभाग के अधिकारी अंधाधुंध जंगलों की कटाई होने के बाद भी सचेत नहीं हो रहे हैं वहीं सब यह कार्य वन परिक्षेत्र के वीटों के प्रभारियों की मिलीभगत से जोरों पर चल रहा है इस और कभी भी तारादेही के वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है और किसी तरह की भी निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं की जाती है जिसके चलते तारादेही वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले जंगलों में अवैध कटाई का यह सिलसिला लगातार जारी है कुछ बीट ऐसी है जहां पर कटाई आए दिन होना सामने आ रही है जंगल में जगह जगह पेड़ पेड़ों के अवशेष व ठूंठे देखने को मिल रहे हैं खासबात यह है कि अवैध कटाई को लेकर वीट प्रभारी जानकर भी अनजान हैं लंबे समय से लोग जंगलों से पेड़ काटकर बैच रहे हैं और इसके चलते जंगल उजाड़ रहे हैं वही जब इस संबंध में तारादेही वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश पाराशर जी से बात करनी चाहिए तो उनका फोन कवरेज क्षेत्र के बहार आ रहा था जिसके चलते उनसे बात नहीं हो पाई

## सम्मान ही संस्कार नहीं संस्कार की पालना करना संस्कार होता है=कुमावतपाली

जिले के सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के लाडले विधायक जोराराम कुमावत ने आज जन जागरूकता अभियान के तहत बताया कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की तरह जिले के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दिन रात विश्वव्यापी महामारी को रोकने के लिए सफल प्रयास कर रहे हैं केंद्र सरकार की जितनी सराहना की जाए उतनी ही कम विधायक जोराराम कुमावत ने बताया कि विपरीत स्थिति संकट के दौरान महत्वपूर्ण समय में सफलतम लगाया गया लॉकडाउन आज हम सब सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन की आधारशिला पर चल रहे हैं लाडले विधायक की ओर से लॉकडाउन के प्रथम चरण से अभी तक अपने क्षेत्र के सभी गांव का दौरा के साथ कोराना ग्रस्त गांव का भी दौरा किया जिसमें जिले के कई गांवों के दौरे में उनका जरूरतमंद परिवार के लिए महत्वपूर्ण सहयोग रहा स्थानीय विधायक द्वारा हर ग्राम पंचायत स्तर पर भोजन सामग्री के किट तैयार



करके ग्राम पंचायत स्तर पर वितरण किए भाजपा के नवनियुक्त आईटी जिला संयोजक इंद्रजीत राव ने कहा की विधायक महोदय द्वारा अपने क्षेत्र के सभी गांवों के दौरे में हर जन जन की समस्या का समाधान किया और पाली जिले में जन जागरूकता अभियान के तहत विश्वव्यापी महामारी को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं आमजन को जागरूक रहने का निर्देश दिया और कुमावत ने सबसे महत्वपूर्ण सफलतम उपचार सामाजिक दूरी बनाए रखें तथा कुमावत ने बताया कि सभी कोराना योद्धाओं का सम्मान करें और सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें और हर आमजन एक ही संकल्प के साथ जागरूक बने कोराना मुक्त भारत

# विमला युवा शक्ति जीडीओ संस्था के द्वारा कराया गया रक्तदान

पुष्पांजली टुडे

सतना। जिला अस्पताल में विमला युवा शक्ति जीडीओ के युवाओं ने पहुच कर युवाओ ने किया रक्तदान। पहला रक्तदान आकाश गुप्ता दूसरा रक्तदान राहुल गुप्ता तीसरा रक्तदान अतुल सिंह चौथा रक्तदान रवि यदुवंशी ने किया जैसे कि विमला युवा शक्ति जीडीओ के संस्थापक आकाश गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए इस दिन को मनाया जाता है। 14 जून यानी विश्व रक्तदाता दिवस के दिन रक्तदान करने के लिए कई



जगहों पर कैंप भी लगाए जाते हैं। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है दुनिया में जरूरत के मुताबिक खून उपलब्ध करवाना। अगर ब्लड बैंकों में पर्यापत मात्रा में खून उपलब्ध होगा तो खून की कमी के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु नहीं होगी।सुरक्षित रक्त की जरूरत हर जगह है. इलाज के दौरान अक्सर सुरक्षित रक्त महत्वपूर्ण होता है आकाश ने कहा यह जीवन को बचाने वाली चिक?त्स?िय जरूरतों में से एक है. सभी प्रकार की आपात स्थितियों प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना, सशस्त्र संघर्ष आदि के दौरान घायलों के इलाज के लिए रक्त भी अहम है और मातृ और नवजात देखभाल में एक आवश्यक, जीवन रक्षक भूमिका है. इसी रक्त के महत्व और रक्तदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और जागरुकता के लिए विश्व रक्त दाता दिवस महत्व रखता है

# डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दामो को लेकर कांग्रेसियो ने दिया ज्ञापन

धर्मेंद्र शर्मा रिपोर्टर

**पोहरी।** देश में लगातार डीजल और पेट्रोल के दाम में हो रही वृद्धि के विरोध में अरविंद चकराना के नेतृत्व में कांग्रेस ने मंगलवार को एसडीएम पल्लवी वैध को ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जनपद उपाध्यक्ष अरविंद चकराना ने बताया कि डीजल-पेट्रोल के दाम पर सरकार का नियंत्रण नहीं है, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में लगातार कमी आ रही है। इसके बावजूद भी देश में डीजल-पेट्रोल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। जिससे आमजन परेशान हैं, उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के कारण पिछले 3 महीनों से जनता परेशान है। इसके बावजूद डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम पर रोक नहीं लगना चिंता का विषय है। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की। लॉकडाउन खुलते ही सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि करना शुरू कर



दिया है। यही कारण है कि एक जून से लेकर 15 जून के बीच पेट्रोल डीजल 3.42 रुपए 6 रुपए लीटर महंगा हो गया। जनता को इस बात की भनक भी नहीं लगी कि 12 दिन में पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि हो गई। राज्य सरकार ने शुक्रवार रात 12 बजे से पेट्रोल और डीजल पर एक-एक रुपए बढ़ाने का निर्णय ले लिया। इस तरह भोपाल में पेट्रोल 82. 64 रुपए और डीजल करीब 73.14 रुपए लीटर बिक रहा है। इस वृद्धि के पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि कोरोना काल में हुई राजस्व की क्षति की भरपाई इससे हो जाएगी। एक जून से छह जून तक तो पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी और घटोतरी होती रही। लेकिन छह जून के बाद लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि हुई है। बता दें कि अप्रैल और मई के महीने में भोपाल में पेट्रोल 77 रुपए प्रति लीटर और डीजल 68 रुपए प्रति लीटर के आसपास ही बिका। शुक्रवार को इनकी कीमत क्रमशः 81.01 रुपए प्रति लीटर और 71.56 रुपए प्रति लीटर रही है। सिर्फ इन्हीं महीनों की बात करें तो क्रूड ऑयल की कीमत में 10 डॉलर की गिरावट होने पर ग्राहकों को कोई फायदा नहीं हुआ, लेकिन जैसे ही क्रूड ऑयल की कीमत में 7 डॉलर की वृद्धि हुई तो पेट्रोल डीजल 3.42 से लगभग 6 रुपए तक महंगा हो गया। बता दें कि पेट्रोल-डीजल में हो रही इस वृद्धि का असर किसानों एवम सब्जी, किराना सहित अन्य परिवहन करने वाली वस्तुओं पर पड़ेगा। ज्ञापन देते समय जनपद उपाध्यक्ष अरविंद धाकड़ चकराना, शिवांश जैमिनी युवा सेवा दल जिलाध्यक्ष, सोनू खान भटनावर यूथ कांग्रेस, दीवान सिंह बघेल विधानसभा आईटी सेल समन्वयक, राहुल यादव , अशोक सगर, अन्य कांग्रसी नेता मौजूद रहे

# सफलता का संपूर्ण श्रेय कोराना योद्धाओं को दिया जाए

पाली जिले के जनप्रतिनिधियों मैं विश्वव्यापी महामारी के चलते महिला जनप्रतिनिधि भी भीषण गर्मी के दौर के चलते जन जागरूकता अभियान में दिन रात एक कर के भारत को विजय पथ की और आगे बढ़ाने के लिए सफल प्रयास किए जा रहे हैं वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा सांडेरा महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी सिरवी ने बताया कि विश्वव्यापी महामारी के दौरान आज हम सब स्वस्थ जीवन की स्थिति से गुजर रहे हैं उसी प्रकार सफलता का श्रेय सभी कोराना योद्धाओं को दिया जाए जिसमें आंगनवाड़ी एएनएम आशा सहयोगिनी बीएलओ शिक्षा विभाग के अधिकारी चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं सफाई कर्मी और इनके साथ साथ जिले के सभी श्रमजीवी पत्रकारों को जितना श्रेय दिया जाए उतना ही कम यह माता आज उन्होंने जन जागरूकता अभियान के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम अपने दूसरे कार्यकाल के प्रथम वर्ष सफलतम पूर्ण होने पर जन जागरूकता अभियान के तहत बताया जिसमें महिला जनप्रतिनिधि के रूप में संपूर्ण महिला जनप्रतिनिधि जन जागरूकता अभियान में दिन रात एक कर के आमजन को जागरूक कर रहे हैं और उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं उसी के अनुसार हमें केंद्र और राज्य सरकार के दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा सबसे महत्वपूर्ण उपचार सामाजिक दूरी बनाए रखें और नियमित रूप से मास्क का उपयोग करें लक्ष्मी सिरवी ने कहा कि आगामी समय में इसी प्रकार सहयोग रहा तो हमारे देश की जीत निश्चित रहेगी और हमारी पहली प्राथमिकता मानव जीवन की रक्षा करना और सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन करना तभी जाकर भारत विश्व की महामारी में विजय प्राप्त करेगा



# भंग हुई इंदौर कांग्रेस कार्यकारिणी

केवलराम मालवीय ब्यूरो



इंदौर। इंदौर शहर कांग्रेस में अब केवल अध्यक्ष ही सर्वेसर्वा रहेंगे, क्योंकि आज से कार्यकारिणी भंग कर दी गई है। कांग्रेस के संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर ने आज इंदौर शहर की कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। शहर अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने बताया कि नई कार्यकारिणी में कांग्रेस के जमीनी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही मौका दिया जाएगा। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि पिछ्ले इंदौर कांग्रेस अध्यक्ष के भाजपा में शामिल होने के कारण संभवत ऐसा बड़ा उलटफेर किया गया है।



# सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मेहगांव छेत्र के कई स्थानों पर रखवाई गई जीवदया टंकियां

निर्मला शाक्य, सोशल रिपोर्टर

मेहगांव भिण्ड जिले के मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा आवारा पशुओं एवं जानवरों के लिये ÷जीवदया-टंकियां÷ रखवाई गई। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि जीवदया टंकियां रखवाने का उद्देश्य रोड पर घूम रहे आवारा पशुओं को चारा, पानी उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सनी, महेश भैया,मनोज श्रोती, ब्रजेन्द्र कुमार, कृष्णा सैंथिया, सोनू शर्मा, अनिल कांकर,गोलू शर्मा, रमा उपाध्याय, सत्यम व्यास आदि कई सामाजिक कार्यकर्ता सामिल हुए।

# वार्ड क्रमांक 21 में आगामी आदेश तक कर्फ्यू रहेगा

**मुरैना।** शासन की गाइडलाइन के अनुसार वर्तमान स्थिति में कोरोना के नये केस कई स्थानों पर चिन्हित हुये है। जिसमें नगर निगम के वार्ड क्रमांक 21 जगदीश मिल वाली गली दत्तपुरा मुरैना में आगामी आदेश तक कर्फ्यू रहेगा। कोरोना से संक्रमित पॉजीटिव व्यक्ति पाये जाने पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रियंका दास ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अधीन जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाये। अत: यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (2) के अन्तर्गत एकपक्षीय पारित किया गया है। आदेश से व्यथित व्यक्ति दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (5) के अंतर्गत जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। अत्यन्त विशेष परिस्थितियों में अथवा इस आदेश में उल्लेखित प्रावधानों में संसोधन, स्पष्टीकरण पृथक से जारी हो सकेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा एवं इस आदेश के उल्लंघन पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 व अन्य प्रासंगिक धाराओं तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 से 60 के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

# मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का किया स्वागत

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी में आपका स्वागत है। ये एक परिवार है और आज से आप भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेकर इस परिवार के अभिन्न अंग बन गए हैं। अब हम सभी लोग एक टीम की तरह, मिलजुलकर आपके बदनावर विधानसभा क्षेत्र और पूरे प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने वाले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। बदनावर के पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिंह के नेतृत्व में बदनावर विधानसभा के 300 से अधिक कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की उपस्थिति में सभी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी का दुपट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया गया। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना बघेल, धार सांसद छतरसिंह दरबार, पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिंह, पूर्व विधायक खेमराज पाटीदार, जिलाध्यक्ष राजू यादव, महामंत्री मनोज सोमानी, वरिष्ठ नेता महेन्द्र सिंह



चाचूबना, डॉ. प्रहलाद सिंह, शकील खान, रमेश धाडीवाल तथा पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने अच्छा फैसला लिया है और मैं आप सभी का हृदय से स्वागत करता हूं, बधाई देता हूं। श्री चौहान ने कहा कि आपके भाजपा में आने से हमारा परिवार बढ़ा है और उसे मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा आपका घर है और हम आपके भाई हैं। श्री चौहान ने कहा कि अब हम मिलजुलकर, एक टीम की तरह जनता की सेवा करेंगे। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि बदनावर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दूंगा और हम सब मिलकर प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे। श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 15 महीनों तक कैसे सरकार चलाई, ये सब जानते हैं। इस सरकार ने विकास के कामों के लिए एक पैसा नहीं दिया और सारे काम ठप्प हो गए। पंचायत का, नपा का पैसा खा गए, संबल सहित सारी योजनाएं बंद कर दीं। बच्चों की फीस भरना बंद कर दी, कन्यादान के पैसे खा गए। किसानों से कर्जमाफी का वादा किया, लेकिन सिर्फ 6000 करोड़ रुपये दिये। कर्जमाफी के चक्कर में किसान डिफाल्टर हो गए और उन्हें ब्याज भी भरना पड़ रहा है। श्री चौहान ने कहा कि इस सरकार ने सभी को धोखा दिया। वल्लभ भवन को दलालों का अड्डा बना दिया। श्री चौहान ने कहा कि कमलनाथ सरकार के समय जब प्रदेश तेजी से बरबादी के रास्ते पर जा रहा था, तब सिंधिया और राज्यवर्धन जैसे उनके साथियों ने विरोध किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कमलनाथ को समझाया। जैसे रावण ने उसे समझाने वाले भाई को लात मारकर भगा दिया था, वैसा ही अहंकार कांग्रेस में आ गया था। उन्होंने सिंधिया जी को सड़क पर आकर निपटने की चुनौती दे डाली। कमलनाथ और दिग्विजयसिंह को उनके अहंकार का फल मिला और सरकार सड़क पर आ गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आप सभी ने बड़ा त्याग किया है और प्रदेश के भविष्य के लिए अपना कॅरियर दाव पर लगा दिया। श्री चौहान ने कहा कि पूरे समय कमलनाथ सरकार का दोहन करने वाले दिग्विजय अब भाजपा पर आरोप लगाते हैं। ये वहीं दिग्विजय हैं, जिन पर कमलनाथ धोखा देने का आरोप लगा चुके हैं। श्री चौहान ने कहा कि कमलनाथ सरकार ने न कोरोना से निपटने का कोई इंतजाम किया, न गेहूं खरीदी का। प्रदेश में न कोरोना वायरस के टेस्ट होते थे, न ही गेहूं खरीदने के लिए बोरे थे। हमारी सरकार ने रात दिन मेहनत करके व्यवस्थाएं की।



भोपाल में मंगलवार को रुक-रुक कर हुई बारिश का आनंद लेते बच्चे।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में वार्षिक व्याख्यान 18 जून को

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा संस्कृति के लिए टैगोर राष्ट्रीय फैलोशिप के तहत गुरुवार दिनांक 18 जून 2020 को इंटरनेट के माध्यम से वार्षिक व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत संग्रहालय के टैगोर नेशनल फेलो एवं पूर्व निदेशक, प्रो. किशोर के. बासा 卐एंथ्रोपोलॉजी एंड म्यूजियम्स इन इंडिया- ट्रेंड्स एंड ट्रेजैक्ट्रीज卐 विषय पर व्याख्यान देंगे। सांय 04-00 बजे से आयोजित इस व्याख्यान का फेसबुक पर सजीव प्रसारण किया जाएगा, जिसे दुनिया भर के देशों में देखा जाएगा। इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा अपने मुक्ताकाश प्रदर्शनियों में प्रदर्शित विभिन्न प्रादर्शों पर आधारित एक नवीन ऑनलाईन श्रृंखला संग्रहालय के मुक्ताकाश प्रादर्श प्रारंभ कर रहा है।

## निगम द्वारा कंटेनमेंट क्षेत्रों सहित संपूर्ण शहर में किया जा रहा है सेनेटाइजेशन

**भोपाल।** कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु नगर निगम द्वारा संपूर्ण शहर में नियमित रूप से सेनेटाइजेशन के साथ ही कंटेनमेंट क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई एवं दिन में दो बार व्यापक सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है तथा निगम का अमला अस्पतालों, कार्यालयों, पेट्रोल पम्प एवं आपातकालीन सेवा में लगे वाहनों आदि का भी व्यापक सेनेटाइजेशन कर रहा है। निगम आयुक्त वी.एस.चौधरी कोलसानी (आई.ए.एस) के निर्देश पर अपर आयुक्तगण ने सेनेटाइह्यजशन सहित अन्य कार्यों की मॉनीटरिंग करते हुए विशेष रूप से कंटेनमेंट क्षेत्रों व क्वारंटाइन सेंटरों, अस्पतालों एवं झुग्गीबस्तियों में और अधिक व्यापक पैमाने पर सेनेटाइजेशन कराने के निर्देश दिए। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए शहर भर में बड़े संसाधनों को लगाकर तथा हस्त चलित मशीनों के माध्यम से व्यापक पैमाने पर सेनेटाइजेशन




करने के निगम आयुक्त श्री वी.एस.चौधरी कोलसानी (आई..ए.एस.) के आदेश पर निगम अमले द्वारा कंटेनमेंट क्षेत्रों एवं अति संवेदनशील कंटेनमेंट क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई के साथ ही सुबह-शाम दोनों समय व्यापक सेनेटाइजेशन किया जा रहा है। निगम के अपर आयुक्तगण अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश संबंधितों को दे रहे है। निगम अमले ने मंगलवार को अहाता रुस्तम खां, प्रोफेसर कॉलोनी, बाणगंगा, पांछिल नगर, साउथ टी टी नगर, प्रियदर्शनी नगर, 25 वीं बटालियन, आकाश नगर, पंचशील नगर, अंबेडकर नगर, राहुल नगर, नेहरू नगर और नेहरू नगर पुलिस लाइन, कोटरा, शीतला माता मंदिर, चक्की चौराहा, तुलसी नगर, बलबीर नगर, 74 बंगले, शिवाजी नगर, मालवीय नगर, पारीक सोसाइटी, अमलतास परिसर, कम्मू का बाग, गरम गड्ढा, द्वारका नगर, कृष्णा कॉलोनी, वर्धमान, ग्रीन पार्क कॉलोनी, मयूर विहार, विनायक होम, शंकर नगर, सेमरा गेट, नवीन नगर, अशोका गार्डन, सुभाष कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रानी अवंती बाई कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, बाग उमराव दूल्हा, बाग फरहत अजा, अहाता सिकंदर कुली, रूपनगर, अंबेडकर नगर, हनुमान नगर, ओल्ड सुभाष नगर, सुदामा नगर, चंबल, ओल्ड अशोका गार्डन, मयूर नगर, जैन कॉलोनी, जनता नगर अमन कॉलोनी, गोया कालोनी, पीपल चौराहा आदि क्षेत्र अति आवश्यक सेवाओं में लगे वाहन आदि में व्यापक पैमाने पर सेनेटाइजेशन किया गया।

## बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर मिलेगा इनाम

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना घोषित की गयी है। अवैध विद्युत उपयोग की सूचना देने पर निर्धारित शर्तों के अधीन इनाम देने का प्रावधान है। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सफल सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है।बिजली के अवैध उपयोग/चोरी के संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी मुख्यालय एवं क्षेत्रीय मुख्यालयों के अलावा क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को भी लिखित अथवा दूरभाष पर सूचना दी जा सकती है। सूचनाकर्ता की जानकारी गोपनीय



रखने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की रहेगी। कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी को सूचनाकर्ता नहीं माना जाएगा। सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान कंपनी मुख्यालय से किया जाएगा। प्रोत्साहन राशि सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी। प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी ढाई प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। कंपनी मुख्यालय में इस योजना के क्रियान्वयन के लिए विजिलेंस सेल गठित किया गया है। विजिलेंस सेल को भी सूचना भेजी जा सकती है। विजिलेंस सेल का पता है - विजिलेंस सेल, कार्यालय प्रबंध संचालक, म.प्र.म.क्षे.वि. वि. कं .लि, गोविन्दपुरा, भोपाल। इसके अलावा कॉल सेन्टर के नंबर 1912 अथवा क्क्ष्ड्ढ एप पर भी सूचना देने का विकल्प है।

## बाल निकेतन आश्रम से 12 फीट ऊंची दीवार फांदकर दो किशोर फरार

**भोपाल।** राजधानी के हनुमानगंज इलाके में स्थित बाल निकेतन आश्रम में रहने वाले दो नाबालिग बीती देर रात 12 फिट की दीवार फांदकर भाग गए। किशोरो के फरार होने की घटना आश्रम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के समय आश्रम में चौकीदार भी मौजूद था। पुलिस ने इस मामले में आगे जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस के मुताबिक बाल निकेतन ट्रस्ट में बेसहारा बच्चों को पढ़ाने के अलावा उन्हें रखा भी जाता है। बीती रात 11 और 16 नाबालिग आश्रम में बनी 12 फीट की दीवार फांदकर भाग गए। सुबह होने पर उनके गायब होने पता चला। आश्रम की कर्मचारी कीर्ती शर्मा ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। जिसके आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर लिया है।

## प्रदेश में मिल रहा 25 लाख से अधिक श्रमिकों को रोजगार

**भोपाल।** प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत लगभग दो लाख कार्यों में 25 लाख 16 हजार 24 श्रमिक रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। गत वर्ष से यह संख्या लगभग दोगुनी है। गत वर्ष 14 जून को 12 लाख 51 हजार 680 श्रमिक मनरेगा में कार्यरत थे। प्रदेश में श्रम सिद्धि अभियान में 8 लाख 38 हजार 243 श्रमिकों को नए जॉब कार्ड प्रदान किए जा चुके हैं। गत वर्ष इसी अवधि में बनाये गये नवीन जॉबकार्डों की संख्या मात्र 1 लाख 84 हजार थी। मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न संरचनाओं का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है। स्किल मेपिंग के लिए रोजगार सेतु का

**मनरेगा कार्यों से मिला बड़ा सहारा**

उपयोग किया जा रहा है। विभिन्न श्रेणियों में कार्य करने वाले श्रमिक सूचीबद्ध किए जा रहे हैं। अब तक 44 हजार 988 श्रमिक इससे जोड़े गए हैं। आत्म निर्भर भारत में 1 करोड़ 24 लाख 552 प्रवासी मजदूरों को खाद्यान दिया गया। विभिन्न बिल्डर्स, कांट्रेक्टर्स और कारखाना प्रबंधन से जानकारी एकत्र कर श्रमिकों के रोजगार के लिए श्रेणी वार संभावनाओं को देखा जा रहा है। संबल पोर्टल पर भी 3 करोड़ 24 लाख लोग पंजीबद्ध हो गए हैं। कोरोना संक्रमण के दौर में श्रमिकों की आर्थिक समस्याओं को दूर करने में इन प्रयासों का विशेष महत्व है। विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों को मनरेगा कार्यों से जोड़कर आर्थिक सहारा दिया गया है।

## मध्यप्रदेश कामगार कांग्रेस ने पदाधिकारियों को विधानसभा उपचुनाव में समन्वयक प्रभारी बनाया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की इकाई असंगठित कामगार कांग्रेस ने प्रदेश में होने वाले आगामी 24 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में से 10 विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किए हैं जो उक्त क्षेत्रों में पहुंचकर कांग्रेस पार्टी को विजयश्री दिलाने के लिए वहां के मतदाताओं पार्टी कार्यकर्ताओं पार्टी पदाधिकारियों से समन्वय कर पार्टी के पक्ष में मतदान किए जाने हेतु अपने महती भूमिका का निर्वहन करेंगे। असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने बताया है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी की स्वीकृति के बाद असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के पक्ष में कार्य करने हेतु प्रभारी के रूप में मनोनीत कर अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र सोपे पर गए हैं। श्री बिसेन ने जिन पदाधिकारियों को प्रभारी मनोनीत किया है वह है -- मुंगावली विधानसभा के लिए राजाराम यादव, सुरखी - पारस नायक और मुकेश खटीक, अनूपपुर- गोपाल सिंह लोधी, मयंक त्रिपाठी और राघवेंद्र पटेल, सांची- महेंद्र गोस्वामी सुरेश श्रीवास्तव और अजय कटारे, सांवेर - कलाम खान और सुदेश डोंगरे, बदनावर- आशिक पटेल, हाटपिपलिया- चेतन जोशी- भांडेर अशोक अग्रवाल, सुवसरा - श्याम मनोहर सेन और सुभाष साहू तथा आगर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्रीमती सुनीता शर्मा और प्रेम नारायण यादव को प्रभारी मनोनीत किया है।

## प्रदेश में बांध, तालाब, बैराज, नहर आदि का रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए : सिलावट

**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने विभाग के प्रमुख अभियंता को निर्देशित किया है कि विभाग के अर्न्तगत आने वाले सभी बांध, तालाब, बैराज, नहर, स्टॉप डेम आदि का रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए और आवश्यकता होने पर उनकी मरम्मत करा ली जाए। विभाग की सभी निर्माण संरचनाओं का भौतिक सत्यापन के साथ आघतन रिपोर्ट बनायी जाये। वर्षा काल में अतिवर्षा की स्थिति होने पर यह सुनिश्चित किया जाये कि संरचनाएँ सुरक्षित रहें और पानी के अतिप्रवाह



के कारण क्षतिग्रस्त न हों। जिलों में स्थित इन संरचनाओं का उत्तरदायित्व संबंधित सहायक यंत्री और उपयंत्री को सौंपा जाए। निर्धारित मापदंडों के अनुसार सभी नहरों, स्टॉप डेम का मरम्मत कार्य कराया जाकर इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाए। मंत्री श्री सिलावट ने यह भी निर्देश दिये हैं कि वर्षाकाल में विभाग के अन्तर्गत सभी तालाब, बाँधों में स्थित पानी की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर विस्तृत रिपोर्ट बनाई जाये। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि वर्षा होने पर इनके केचमेंट एरिये से आने वाले पानी से बाँध या तालाब में ओवरफ्लो की स्थिति निर्मित होने पर किस प्रकार से व्यवस्थाओं को बनाया जाना है। बाँध या तालाब से पानी छोड़े जाने पर उसकी सूचना तराई वाले क्षेत्रों एवं संबंधित जिलों के अधिकारियों को पूर्व में ही दी जाये। प्रमुख अभियंता को यह भी सुनिश्चित करें कि सभी तालाबों और बाँधों की मजबूती संबंधी रिपोर्ट भी तैयार करें। वर्षा काल में यदि तकनीकी कारणों से कोई तालाब, बैराज, बांध, स्टॉप डेम, नहर आदि क्षतिग्रस्त होता है तो इसी जिम्मेदारी संबंधित कार्यपालन यंत्री की होगी। मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिये कि सभी जल संरचनाओं के आसपास यदि अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण है तो उसे तुरंत हटाया जाये और अतिक्रमण मुक्त संरचनाओं के संबंध में अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाए।

## संपादकीय

# एक बार फिर गरीबी और अमीरी का संघर्ष

पिछ्ले 9 दशक में अमेरिका ने सारी दुनिया का नेतृत्व किया है। अमेरिका में लोकतांत्रिक व्यवस्था है । मानव सभ्यता, जिंदादिली, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, बौद्धिक क्षमता, महत्वाकांक्षा, पुरुषार्थ, उद्यमशीलता ज्ञान और विज्ञान के कारोबार में अमेरिका ने पिछ्ले 90 वर्षों में सारी दुनिया में बेहतर प्रदर्शन किया है। कोई भी देश नागरिकों से तैयार होता है। अमेरिका के नागरिकों ने समय-समय पर यह साबित किया है, कि वह अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक ढांचे को तमाम विषमताओं के बाद भी सर्वोच्चता पर रखते हैं। हाल ही में कोरोनावायरस के संक्रमण तथा आर्थिक मंदी के कारण अमेरिका में बेरोजगारी काफी तेजी के साथ बढ़ी है। सरकार के तमाम प्रयास, बेरोजगारी भत्ता और कई पैकेज देकर नागरिकों को इस मुश्किल के समय सहायता देने में कोई कमी नहीं की है। इसके बाद भी नागरिकों की समस्याएं और आर्थिक स्थितियां दिनों दिन खराब होती जा रही हैं। अमेरिका के नागरिकों को बचपन से ही यह समझाया जाता है, कि अमेरिका दुनिया का सबसे बेहतर देश है। यहां के नागरिक सबसे ज्यादा सुरक्षित है। दुनिया के अन्य देशों से गए प्रवासी लोग भी अपने बच्चों को अमेरिकी नागरिक बनाने के लिए अमेरिका में उनका जन्म कराना चाहते है। इसमें भारतीय भी पीछे नहीं है। सरकार अपने नागरिकों के स्वास्थ्य रोजगार व्यक्तिगत सुरक्षा शिक्षण इत्यादि के मामले में अपने दायित्व को बड़े अच्छे तरीके से निभाती है। पहली बार कोरोना संक्रमण के कारण स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अमेरिका के नागरिकों का भ्रम टूटा है। पहली बार अमेरिका के नागरिकों को लगा, कि वह असहाय हैं। नस्लीय भेदभाव जैसी समस्याएं अमेरिका के लिए कोई नई बात नहीं है। लेकिन एक घटना, जिसमें एक पुलिसकर्मी ने एक अश्वेत नागरिक की गला घोटकर हत्या कर दी, इस घटना के बाद अमेरिका के श्वेत और अश्वेत नागरिक एक साथ विरोध में उठ खड़े हुए। राष्ट्रपति ट्रंप के अड़ियल रुख और अहंकार के कारण बेरोजगारी, आर्थिक मंदी और स्वास्थ्य सेवाओं से बेहाल, अमेरिका के नागरिक विरोध में सड़कों पर आ गए। 140 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन शुरू हो गए। कुछ शहरों के प्रदर्शन बड़े हिंसक हो गए। अमेरिका के व्हाइट हाउस में प्रदर्शनकारी घुस गए। राष्ट्रपति ट्रंप को उनके सुरक्षाकर्मी को बंकर में लेकर जाना पड़ा। व्यक्तिगत स्वतंत्रता और नस्लभेद की घटना अब गरीबी और अमीरी की लड़ाई में परिवर्तित हो गई है। देखते ही देखते अमेरिका के बेरोजगार, युवा और आर्थिक रूप से परेशान नागरिक सरकार के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के एकजुट हो गए। पुलिस ने इन प्रदर्शनों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया। कई स्थानों पर पुलिस सफल भी हुई। किंतु राष्ट्रपति ट्रंप के अहंकार और उनके द्वारा दी गई धमकियों ने आग में घी डालने का काम किया। बेरोजगार और परेशान अमेरिकी नागरिक जगह-जगह लूटमार कर रहे हैं। उनके पास खाने-पीने और नियमित जरूरत का खर्च पूरा करने के लिए पैसा नहीं है। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण से हो रही मौतों के कारण उनका जीवन भी सुरक्षित नहीं रहा है। जिसके कारण ठीक 100 वर्ष बाद, 1917 की जार क्रांति और प्रथम विश्व युद्ध के समय जो स्थिति बनी थी। वही स्थिति अमेरिका सहित यूरोप के कई देशों में देखने को मिल रही हैं। अमेरिका में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर नागरिकों के साथ साथ वहां के जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी और मीडिया राष्ट्रपति ट्रंप के विरोध में मुखर होकर अपनी बात कह पा रहा है। यह सारी दुनिया के लिए एक उदाहरण है। अमेरिका का राष्ट्रपति दुनिया का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता है। राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं।

# अर्थव्यवस्था की सुधार की रफ्तार धीमी

कोरोना महामारी और लॉक डाउन से अधिक समय तक ठहर से गए भारत का आम आदमी जहां अपने अच्छे दिन आने का ख्वाब भी खो चुका है ,वही देश की बदहाल अर्थव्यवस्था ने प्रत्येक देशवासी के मन में अनिश्चितता का माहौल व डर पैदा कर दिया है। हर कोई अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। सन 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट देखने को मिल सकती है। यह चार दशक में पहली बार होगा जब कोरोनावायरस महामारी की रोकथाम के लिये जारी 'लॉकडाउन% की वजह से खपत कम होने और कारोबारी गतिविधियां थमने से चुनौतियों का सामना कर रही घरेलू अर्थव्यवस्था में गिरावट आएगी। कोरोनावायरस संकट से पहले भी भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी पड़ गयी थी और यह छह वर्ष की सबसे निचली दर पर पहुंच गयी थी।सरकार द्वारा आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज में उठाए गए कदम उम्मीदों के अनुरूप नहीं हैं, अर्थव्यवस्था की समस्याएं इससे बहुत ज्यादा व्यापक हैं। अनुमान है , वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर में वास्तविक गिरावट आएगी।भारत में कोविड-19 के प्रकोप और लॉकडाउन ने अर्थव्यवस्था में रुकावट पैदा कर दी है। इससे वित्त वर्ष में वृद्धि तेजी से संकुचित होगी औरआर्थिक गतिविधियां अगले एक साल तक व्यवधान का सामना करेंगी।%ज्यादातर औद्योगिक महत्व के शहर रेड जोन में या फिर कन्टेनमेन्ट जोन में हैं।इस जोन में आर्थिक गतिविधियों के सामान्य होने में अधिक समय लगेगा। इससे पूरे देश में आपूर्ति श्रृंखलाओं पर असर पड़ेगा और सुधार की रफ्तार धीमी हो जाएगी। सबसे अधिक रोजगार देने वाला औद्योगिक सेवा क्षेत्र गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। श्रमिक भौगोलिक रूप से विस्थापित हो गए हैं और उन्हें लॉकडाउन से उभरने में समय लगेगा।

उद्योग जगत के दिग्गज और आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों द्वारा बार-बार चेताने के बावजूद भी मोदी सरकार गहरी नींद में सो रही है और अभी भी सिर्फ अपनी पीठ थपथपाने में लगी है।पहले नोटबंदी,फिर जीएसटी और अब कोरोना संकट ने व्यापार जगत में भारी तबाही मचाई है। इससे छोटे और घरेलू उद्योग तो बंद हो ही गए है, वही देश का ऑटो मोबाइल सेक्टर भी दम तोड़ने लगा है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 जुलाई, 2019 को 72.7 करोड़ डालर से घटकर 429.65 अरब डॉलर पर आ गया था।जो लॉक डाउन के बाद तो सबसे निचले पायदान पर पहुंच गया है। रुपये के लगातार कमजोर होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था फिसलकर कॉफी नीचे आ गई है।ऐसी हालत आजादी के बाद मिले भारत की थी।फिर भी प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु के प्रयास से वर्ष 1964 में भी भारत अर्थ व्यवस्था में सातवें स्थान पर आ गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2024-25 तक 5 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का बड़ा वादा किया था, लेकिन वर्तमान बदहाल आर्थिक संकेत इस बात के सूचक हैं कि उनका यह दावा शायद ही सच साबित हो। अपने पहले कार्यकाल में मोदी सरकार ने 2 करोड़ नौकरियां देने, किसानों की आय दोगुनी करने, मंहगाई कम करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के वादे किए थे। 2014 से 2019 तक स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्टार्टअप और स्टैंडअप इंडिया जैसे प्रोग्राम दिए थे जो अपने लक्ष्यों को प्राप्त नही कर सके और नाकाम रहे। भारत सहित दुनिया के कई देशों में भी आर्थिक गतिविधियों में मंदी के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं। अर्थव्यवस्था के मंदी की तरफ बढ़ने पर आर्थिक गतिविधियों में चौतरफा गिरावट आई है। ऐसे कई दूसरे पैमाने भी हैं, जो अर्थव्यवस्था के मंदी की तरफ बढ़ने का संकेत दे रहे हैं। इससे पहले आर्थिक मंदी ने साल 2007-2009 में पूरी दुनिया में तांडव मचाया था। यह साल सन 1930 की मंदी के बाद सबसे बड़ा आर्थिक संकट था। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने प्रसिद्ध अर्थशास्त्री होने के नाते देश को आर्थिक संकट से बचा लिया था।लेकिन वर्तमान में आर्थिक विकास दर का लगातार गिरना अच्छा नही कहा जा सकता। यदि किसी अर्थव्यवस्था की विकास दर या जीडीपी तिमाही-दर-तिमाही लगातार घट रही है, तो इसे आर्थिक मंदी का बड़ा संकेत माना जाता है. किसी देश की अर्थव्यवस्था या किसी खास क्षेत्र के उत्पादन में बढ़ोतरी की दर को विकास दर कहा जाता है। यदि देश की विकास दर पर चर्चा की जा रही हो, तो इसका मतलब देश की अर्थव्यवस्था या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) संकट में है।जीडीपी एक निर्धारित अवधि में किसी देश में बने सभी उत्पादों और सेवाओं के मूल्य का जोड़ है।आर्थिक मंदी का एक दूसरा बड़ा संकेत यह है कि लोग खपत यानी कंजम्प्शन कम कर रहे हैं। इस दौरान बिस्कुट, तेल, साबुन, कपड़ा, धातु जैसी सामान्य चीजों के साथ-साथ घरों और वाहनों की बिक्री घट जाती है। दरअसल, मंदी के दौरान लोग जरूरत की चीजों पर खर्च को भी काबू में करने का प्रयास करते हैं। कोरोना के चलते लॉक डाउन के कारण हर क्षेत्र में उत्पाद व उत्पाद खपत घटी है।वाहनों की बिक्री घटने को भी मंदी का शुरुआती संकेत माना जाता हैं। जब लोगों के पास अतिरिक्त पैसा होता है, तभी वे गाड़ी खरीदना पसंद करते हैं। यदि गाड़ियों की बिक्री कम हो रही है, इसका अर्थ है कि लोगों के पैसा कम पैसा बच रहा है।आज तो हालत यह है कि आम लोगों के पास पेट भरने तक के लाले पड़ गए है।ऐसे में कपड़ा,मकान और वाहन के बारे में सोचना भी संभव नही रह गया है। अर्थव्यवस्था में यदि उद्योग का पहिया रुकेगा तो नए उत्पाद नहीं बनेंगे। इसमें निजी सेक्टर की बड़ी भूमिका होती है। मंदी के दौर में उद्योगों का उत्पादन कम हो जाता।



मिलों और फैक्ट्रियों पर ताले लग जाते हैं, क्योंकि बाजार में बिक्री घट जाती है।जैसा कि वर्तमान में हो भी रहा है। यदि बाजार में औद्योगिक उत्पादन कम होता है तो कई सेवाएं भी प्रभावित होती है। इसमें माल ढुलाई, बीमा, गोदाम, वितरण जैसी तमाम सेवाएं शामिल हैं। कई कारोबार जैसे टेलिकॉम, टूरिज्म सिर्फ सेवा आधारित हैं, मगर व्यापक रूप से बिक्री घटने पर उनका बिजनेस भी प्रभावित होता है। अर्थव्यवस्था में मंदी आने पर रोजगार के अवसर घट जाते हैं। उत्पादन न होने की वजह से उद्योग बंद हो जाते हैं, ढुलाई नहीं होती है, बिक्री ठप पड़ जाती है। इसके चलते कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी करने लगती हैं। इससे अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी बढ़ जाती है। बचत और निवेश में कमी कमाई की रकम से खर्च निकाल दें तो लोगों के पास जो पैसा बचेगा वह बचत के लिए इस्तेमाल होगा। लोग उसका निवेश भी करते हैं,बैंक में रखा पैसा भी इसी दायरे में आता है।लेकिन पिछ्ले दो ढाई माह में सब कुछ ठप्प सा हो जाने के कारण लोगो की जमापूंजी भी स्वाह हो गई है।इस तरह की मंदी के दौर में निवेश कम हो जाता है क्योंकि लोग कम कमाते हैं। इस स्थिति में उनकी खरीदने की क्षमता घट जाती है और वे बचत भी कम कर पाते हैं। इससे अर्थव्यवस्था में पैसे का प्रवाह घट जाता है।कर्ज की मांग घट जाती है लोग जब कम बचाएंगे, तो वे बैंक या निवेश के अन्य साधनों में भी कम पैसा लगाएंगे। ऐसे में बैंकों या वित्तीय संस्थानों के पास कर्ज देने के लिए पैसा घट जाएगा। अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कर्ज की मांग और आपूर्ति, दोनों होना जरूरी है।

# मानव जीवन के अस्तित्व का आधार है प्रकृति

मानव प्रकृति का हिस्सा है।प्रकृति व मानव एक दूसरे के पूरक हैं । प्रकृति के बिना मानव की परिकल्पना नहीं की जा सकती।प्रकृति दो शब्दों से मिलकर बनी है – प्र और कृति।प्र अर्थात प्रकृष्टि (श्रेष्ठ/उत्तम) और कृति का अर्थ है रचना।ईश्वर की श्रेष्ठ रचना अर्थात सृष्टि। प्रकृति से सृष्टि का बोध होता है।प्रकृति अर्थात वह मूलत्व जिसका परिणाम जगत है। कहने का तात्पर्य प्रकृति के द्वारा ही समूचे ब्रह्माण्ड की रचना की गई है।प्रकृति दो प्रकार की होती है– प्राकृतिक प्रकृति और मानव प्रकृति।प्राकृतिक प्रकृति में पांच तत्व –पृथ्वी , जल अग्नि, वायु और आकाश शामिल हैं।मानव प्रकृति में मन , बुद्धि और अहंकार शामिल हैं।हिन्दुओं के पवित्र ग्रन्थ श्रीमद् भगवद्गीता में वर्णित(सातवां वां अध्याय व चौथा श्लोक) ङ्क भुमिरापोनलो वायु॒ खं मनो बुद्धि रेव च। अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा।।गीता 7॒4 ।। अर्थ ॒ भगवान् श्री कृष्ण गीता में कहते हैं –पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश ये पञ्चमहाभूत और मन, बुद्धि तथा अहंकार– यह आठ प्रकार के भेदों वाली मेरी %अपरा% प्रकृति है। हे महाबाहो ! इस अपरा प्रकृति से भिन्न जीवरूप बनी हुई मेरी %परा% प्रकृतिको जान, जिसके द्वारा यह जगत् धारण किया जाता है। कहने का तात्पर्य– ये आठ प्रकार की प्रकृति समूचे ब्रह्माण्ड का निर्माण करती है।वेदों में वर्णित है की 卐मनुष्य का शरीर पंचभूतों यानी अग्नि, वायु, जल, पृथ्वी और आकाश से मिलकर बना है।卐 इन पंचतत्वों को विज्ञान भी मानता है। अर्थात मानव शरीर प्राकृतिक प्रकृति से बना है।प्रकृति के बगैर मानव अस्तित्व की परिकल्पना नहीं की जा सकती है । मानव का मन, बुद्धि और अहंकार ये तीनो प्रकृति को संतुलित या संरक्षित करते हैं।प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत गहरा संबंध है। मनुष्य के लिए धरती



उसके घर का आंगन, आसमान छत, सूर्य–चांद–तारे दीपक, सागर–नदी पानी के मटके और पेड़–पौधे आहार के साधन हैं। इतना ही नहीं, मनुष्य के लिए प्रकृति से अच्छा गुरु नहीं है। आज तक मनुष्य ने जो कुछ हासिल किया वह सब प्रकृति से सीखकर ही किया है। न्यूटन जैसे महान वैज्ञानिकों को गुरुत्वाकर्षण समेत कई पाठ प्रकृति ने सिखाए हैं तो वहीं कवियों ने प्रकृति के सानिध्य में रहकर एक से बढ़कर एक कविताएं लिखीं। इसी तरह आम आदमी ने प्रकृति के तमाम गुणों को समझकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव किए। दरअसल प्रकृति हमें कई महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाती है। जैसे– पतझड़ का मतलब पेड़ का अंत नहीं है। इस पाठ को जिस व्यक्ति ने अपने जीवन में आत्मसात किया उसे असफलता से कभी डर नहीं लगा। ऐसे व्यक्ति अपनी हर असफलता के बाद विचलित हुए बगैर नए सिरे से सफलता पाने की कोशिश करते हैं। वे तब तक ऐसा करते रहते हैं जब तक सफलता उन्हें मिल नहीं जाती। इसी तरह फलों से लदे, मगर नीचे की ओर झुके पेड़ हमें सफलता और प्रसिद्धि मिलने या संपन्न होने के बावजूद विनम्र और शालीन बने रहना सिखाते हैं। उपन्यासकार प्रेमचंद के मुताबिक साहित्य में आदर्शवाद का वही स्थान है, जो जीवन में प्रकृति का है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि प्रकृति में हर किसी का अपना महत्व है। एक छोटा–सा कीड़ा भी प्रकृति के लिए उपयोगी है, जबकि मत्स्यपुराण में एक वृक्ष को सौ पुत्रों के समान बताया गया है। इसी कारण हमारे यहां वृक्ष पूजने की सनातन परंपरा रही है। पुराणों में कहा गया है कि जो मनुष्य नए वृक्ष लगाता है, वह स्वर्ग में उतने ही वर्षों तक फलता–फूलता है, जितने वर्षों तक उसके लगाए वृक्ष फलते–फूलते हैं। प्रकृति की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह अपनी चीजों का उपभोग स्वयं नहीं करती। जैसे–नदी अपना जल स्वयं नहीं पीती, पेड़ अपने फल खुद नहीं खाते, फूल अपनी खुशबू पूरे वातावरण में फैला देते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि प्रकृति किसी के साथ भेदभाव या पक्षपात नहीं करती, लेकिन मनुष्य जब प्रकृति से अनावश्यक खिलवाड़ करता है तब उसे गुस्सा आता है। जिसे वह समय–समय पर सूखा, बाढ़, सैलाब, तूफान के रूप में व्यक्त करते हुए मनुष्य को सचेत करती है ।



# पूजा हेगड़े ने किया फिल्म कभी ईद कभी दीवाली का खुलासा

**मुंबई** । सलमान खान की फिल्म कभी ईद कभी दिवाली अपने अनाउंसमेंट के समय से ही सुर्खियों में है। अब इसे लेकर ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने फिल्म के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि यह एक बेहतरीन रोमांटिक फिल्म है, जो पिछले कुछ समय से पाइपलाइन में थी। उन्हें इस फिल्म के बारे में इतना ही कहा कि अभी बात चल रही है, देखते हैं। पूजा ने बताया कि फाइनली एक बार नाडियाडवाला का फोन आया और बताया कि यह एक लव स्टोरी होगी और इस फिल्म में लड़की का रोल जबरदस्त है और यह फिल्म सलमान के साथ होगी। जब उन्हें पता चला कि वह इस फिल्म के लिए चुन ली गई हैं तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था और जब फिल्म की कहानी के बारे में उन्हें शॉर्टकट में बताया गया तब उनका उत्साह और बढ़ गया। पूजा ने बताया कि उन्हें अब बस इस फिल्म की शूटिंग का बेसब्री से इंतजार है। सलमान की इस रोमांटिक फिल्म में मौका पाकर पूजा काफी खुश हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में कोई उपदेश या भाषणबाजी जैसी चीजें नहीं होंगी, बल्कि इसे एंटरटेनिंग और फन वाले अंदाज में पेश किया जाएगा। फिलहाल कोरोना को लेकर लॉकडाउन की वजह से सभी फिल्मों की शूटिंग रोक दी गई है। हालाकि इस फिल्म में बिग बॉस 13 फाइनलिस्ट आसिम रियाज भी नजर आएंगे।

# एकता कपूर करेगी कर्मचारियों की मदद

**मुंबई** । मनोरंजन उद्योग सहित अन्य सभी क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली वैश्विक महामारी के बीच, कई सेलेब्स इसके प्रसार पर अंकुश लगाने के लिए दिहाड़ी कर्मचारियों और ऐसे अन्य लोगों की मदद करने के लिए आगे आ रहे



हैं। इस लीग में एकता कपूर भी शामिल हो गयी हैं, जिन्होंने बालाजी टेलीफिल्म्स में अपने कर्मचारियों के प्रति मदद का हाथ आगे बढ़ाते हुए अपनी एक वर्ष की सैलरी उन्हें समर्पित करने का निर्णय लिया है। निर्माता ने अपने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए लिखा,÷कोरोना संकट का प्रभाव बहुत बड़ा, अभूतपूर्व और बहुआयामी है। हम सभी को ऐसी चीजें करने की जरूरत है जो हमारे आसपास और हमारे देश के लोगों की परेशानियों को कम करने में मददगार हो। यह मेरी पहली और सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम विभिन्न फ्रीलांसर और दिहाड़ी कर्मचारियों की देखभाल करें जो बालाजी में काम करते हैं और जिन्हें वर्तमान परिदृश्य में कोई शूटिंग न होने की वजह से और अनिश्चितता का सामना करने के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए मैंने अपनी एक साल की सैलरी यानी 2.5 करोड़ रुपये बालाजी टेलीफिल्म्स में देने का फैसला किया है ताकि मेरे सहकर्मियों को संकट की इस अवधि के दौरान और पूर्ण लॉकडाउन में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इससे निपटने का एक ही रस्ता है, एकजुटता! सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें। हर कोई यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहा है कि हम लॉकडाउन के इस समय में जितना संभव हो उतनी सरलता से पीड़ित लोगों की मदद कर सकें।



# शिल्पा ने अपने बच्चे के लिए लिखा खास संदेश

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी अकसर सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करती हैं। इस बार उन्होंने एक वीडियो साझा किया, जो अपने आप बहुत खास है। शिल्पा द्वारा साझा किए गए इस वीडियो में उनके बेटा वियान उनके पैर दबाते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में शिल्पा व्हाइट टी-शर्ट और ब्लैक पैंट में बिस्तर पर लेटी हुई नजर आ रही हैं और वियान अपनी मां के पैरों को दबाते नजर आ रहे हैं। शिल्पा ने वीडियो के साथ इस बात का भी जिक्र किया कि वियान को इस बात की बिल्कुल भी भनक नहीं थी कि इस पल को रिकॉर्ड किया जा रहा है। अपने इस पोस्ट के कैप्शन में शिल्पा ने लिखा, ÷इस वीडियो को देखकर मुझे एहसास हुआ कि बच्चों का होना किसी आशीर्वाद से कम नहीं है और इसके साथ ही बच्चों के साथ तमाम विषयों पर बातें करना भी बहुत जरूरी है, जो आपके काफी अच्छे दोस्त भी बन सकते हैं। आज मैं एक ऐसे बच्चे के लिए आभारी हूं, जो हर किसी की इज्जत करता है, विवेकपूर्ण है और इतनी कम उम्र में इतना समझदार है।



# दीपिका और रणवीर ने मिलकर लिया योगदान का संकल्प

**मुंबई** । इस वक्त पूरा देश लॉकडाउन की स्थिति का सामना कर रहा है और इससे सभी प्रभावित हुए हैं। मुश्किल के इस समय में, उद्योग से कई हस्तियों ने अपना समर्थन प्रदान करते हुए कदम आगे बढ़ाया है। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने मिलकर कोविड -19 राहत के लिए पीएम केयर्स फंड में अपना योगदान देने का संकल्प लिया है और साथ ही अपने लाखों प्रशंसकों से भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया है। ÷मौजूदा परिस्थितियों में, छोटे से छोटा प्रयास भी मायने रखता है। हम पूरी विनम्रता के साथ पीएम-केयर्स फंड में योगदान देने का संकल्प लेते हैं, और आशा है कि आप भी इसमें योगदान देंगे। इस संकट की घड़ी में हम सब एक साथ हैं, और हम साथ मिलकर मौजूदा हालात पर काबू पाने में कामयाब होंगे। दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स और एक पावर कपल दीपिका और रणवीर द्वारा उठाये गए इस कदम ने समाज में अपना योगदान देने के लिए निश्चित रूप से सभी को बेहद प्रेरित कर दिया है।



# तब्बू को कॉमेडी में फिर से हाथ आजमाना चाहिए

फिल्म निर्देशक नितिन कक्कड़ अपनी आगामी फिल्म %जवानी जानेमन% की रिलीज की तैयारी में जुटे हैं। ऐसे में उनका कहना है कि फिल्म की अभिनेत्री तब्बू बुद्धिमान हैं और उनकी हाजिर जवाबी लाजवाब है, जिसे सही तरीके से कभी पेश नहीं किया गया। नितिन ने कहा कि हमने उन्हें ज्यादातर गंभीर और संजीदे किरदार में देखा है। लेकिन अभिनेत्री को अपनी क्षमता के अनुसार फिल्मों में और अधिक कॉमेडी में हाथ आजमाना चाहिए, क्योंकि वास्तविक जीवन में वह बुद्धिमान हैं और हाजिर जवाबी हैं। हमारे सिनेमा में तब्बू के इस पहलु को कभी नहीं पेश किया गया।

## काम कर समय ज्यादा खुश होती है रसिका

अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने शुक्रवार को अपने जन्मदिन के जश्न से पहले काम को तवज्जो दिया और इसका उन्हें कोई फर्क भी नहीं पड़ता है क्योंकि वह सबसे ज्यादा खुश तभी होती हैं जब वह काम कर रही होती हैं। रसिका ने %दिल्ली क्राइम% के दूसरे सीजन पर काम करना शुरू कर दिया है। रसिका ने कहा ÷मैं सबसे ज्यादा खुश तब हूं जब मैं काम कर रही होती हूं। मैं वह कर रही हूं जो मुझे सबसे अधिक पसंद है और अपने जन्मदिन को मनाने का इससे बेहतर कोई और तरीका नहीं है। दिल्ली क्राइम एक परियोजना है जो कई मायनों में खास है। मैं इस बात से वाकई में बेहद खुश हूं कि अपने जन्मदिन के तुरंत बाद मैं दूसरे सीजन की शुरुआत कर रही हूं। आउट ऑफ लव की यह अभिनेत्री लूटकेस% ए सूटेबल बॉय और मिर्जापुर 2% जैसी परियोजनाओं के साथ रोमांचक और भिन्न किरदारों में वापस आने का भी वायदा करती हैं।



चीन में एक टैंकर और ट्रक के बीच हुई टक्कर से 18 लोगों की मौत हो गयी।

# वुहान में लॉकडाउन के दौरान घर में पांच माह घर में कैद रहा झाऊ, 280 किग्रा हो गया वजन

**वुहान।** कोरोना वायरस लॉकडाउन के कारण वुहान में लगभग पांच माह लॉडाउन के दौरान अपने घर में कैद हुए 26 वर्षीय एक व्यक्ति के वजन में 100 किलोग्राम की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। शहर के अस्पतालों में कोरोना मरीजों की उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए इस व्यक्ति ने अपने इलाज में भी विलंब किया। झोऊ का वजन 280 किलोग्राम हो गया है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बताया जाता है कि झोउ इस समय वुहान शहर के सबसे ज्यादा वजन वाले व्यक्ति हैं। झोउ पहले शहर के एक इंटरनेट कैफे में काम करते थे, लेकिन लॉकडाउन के कारण उन्हें पांच महीने तक घर में कैद रहना पड़ा। इस दौरान उनके वजन में यह वृद्धि दर्ज की गई। झोउ के घरवालों ने बताया कि



लॉकडाउन के दौरान वजन अचानक बढ़ने के कारण उन्हें घर में चलने-फिरने में भी काफी तकलीफ हुई। बताया जा रहा है कि 2019 के अंत में झोउ का वजन 177 किलोग्राम था। जनवरी में ही वुहान शहर में कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण लॉकडाउन का ऐलान कर दिया गया था। इस दौरान झोउ का वजन 100 किलोग्राम तक बढ़ गया। लेकिन, संक्रमण के कारण उन्होंने समय पर अपना इलाज नही करवाया जिससे स्थिति और बिगड़ गई।

# विपक्ष का आरोप - इमरान कोरोना को राजनीतिक हथियार की तरह प्रयोग कर रहे हैं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में विपक्ष ने एकजुट होकर आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री इमरान खान कोरोना वायरस को राजनीतिक हथियार की तरह प्रयोग कर रहे हैं। नवाज शरीफ के भाई और विपक्षी पार्टी मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख शहबाज शरीफ और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी ने कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद खुलकर कहा है कि अगर उन्हें कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार इमरान खान होंगे। दोनों नेताओं ने अलग-अलग दावा किया कि उन्हें जबरदस्ती राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के सामने पेश होने के लिए मजबूर किया गया। इसी दौरान वे संक्रमण की चपेट में आए। इतना ही नहीं, शहबाज शरीफ और यूसुफ रजा गिलानी ने यहां तक कहा कि सरकार को पहले से पता था कि एनएबी के कई अधिकारी कोरोना वायरस से संक्रमित हैं इसके बाद भी उन्हें पेश होने के लिए मजबूर किया गया। शहबाज शरीफ ने एक बयान में कहा था कि मीडिया में यह जाहिर है कि एनएबी के कुछ अधिकारी कोविड-19 से संक्रमित हैं। कृपया यह ध्यान दें



कि मैं कैंसर से पीड़ित रह चुका हूं और 69 साल का हूं। मुझे यह सलाह दी गई है कि अपने शरीर की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता को ध्यान में रखते हुए कम से कम ही बाहर निकलूं। लेकिन मुझे जबरदस्ती पेश होने के लिए मजबूर किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी और शहबाज शरीफ के अलावा पाकिस्तान में कई राजनेता कोरोना से संक्रमित हैं। इस लिस्ट में पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकन अब्बासी और इमरान सरकार में रेल मंत्री शेख राशिद अहमद भी शामिल हैं। एक प्रांतीय मंत्री समेत कम से कम चार सांसदों की मौत कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से हो चुकी है।

## कमजोर हो रहा कोरोना म्यूटेशन, अब बनेगी ज्यादा असरदार वैक्सीन

**लंदन।** कोरोना वैक्सीन को लेकर हो रहे शोधों से कभी दुनिया की उम्मीद जागती है और कभी निराशा हाथ लग रही है। लेकिन इस बीच वैज्ञानिकों का दावा है कि धीरे-धारे कोरोना कमजोर हो रहा है और इसके रूप बदलने (म्यूटेट) की दर भी धीमी हो गई है।इसकारण अब अधिक बेहतर वैक्सीन तैयार की जा सकती है। जानकारी के अनुसार कोरोना के अब तक के 24 रूप (स्ट्रेंन) सामने आ चुके हैं। दुनिया के कई विशेषज्ञों का कहना है कि अगर इस समय वैक्सीन तैयार हो गई तो इसका एक डोज कई सालों तक इंसानों को संक्रमण से बचाएगी। शोधकर्ताओं ने दुनियाभर से 20 हजार से अधिक कोरोना सैम्पलों का अध्ययन किया है। स्टडी में पाया कि इस वायरस के सबसे बड़े हथियार समझे जाने वाले स्पाइक प्रोटीन में बदलाव नहीं हो रहा है।

# अमेरिका में घरों में ही मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में योग प्रेमी कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण इस साल अपने घरों में ही छठा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की योजना बना रहे हैं। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने 21 जून को होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर कहा ?कि इस साल हम 'घर में योग' थीम के साथ छठा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। योग गुरु बाबा रामदेव अमेरिकी लोगों को ऑनलाइन आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान लगाने की विधि के साथ-साथ योग के सामान्य



नियमों के बारे में बताएंगे। ह्यूस्टन में भारतीय वाणिज्य दूतावास विभिन्न सामुदायिक संगठनों के साथ मिलकर यह ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। हालांकि मुख्य ऑनलाइन कार्यक्रम अमेरिका में भारतीय राजदूत के वाशिंगटन डीसी स्थित आवास से लाइव प्रसारित किया जाएगा। वाशिंगटन डीसी और उसके आसपास पिछले पांच वर्षों में हजारों योग प्रेमी ऐतिहासिक नेशनल मॉन्यूमेंट या यूएस कैपिटोल के परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते रहे हैं, लेकिन इस बार कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए घर में ही इसे मनाने का फैसला किया है। संधू ने कहा, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि योग तंदरुस्ती का एक जरिया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने हमारे जनजीवन को बाधित किया है। इस संदर्भ में स्वस्थ जीवन के लिए योग और अधिक प्रासंगिक हो गया है। मैं उम्मीद करता हूं कि और अधिक लोग प्रेरित होंगे तथा योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे।

## यूरोपीय देशों में एक जुलाई से की जा सकेगी हवाई यात्रा, हटाया कोरोना की वजह से लगा प्रतिबंध

**लंदन।** कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए यूरोपियन यूनियन में भी अनावश्यक यात्राओं को प्रतिबंधित कर दिया था। अब इन नियमों में ढील दी गई है। यूरोपीय यूनियन ने महाद्वीप में गैर जरूरी यात्राओं पर लगी पाबंदियों पर एक जुलाई से ढील देने का ऐलान किया है। नई छूट की तहत विदेशी छात्रों, यूरोपियन आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नार्वे और स्विट्जरलैंड में 15 जून तक लगाई गई थी। यात्रा में ढील देने के बाद यूरोप की सीमा के अंदर बिना आईडी चेक किए यात्रा संभव हो पाएगी। यानी जून के अंत से अब यूनियन के अंदर बेरोकटोक यात्रा की जा सकेगी। इससे पहले यूरोपियन यूनियन ने ब्रिटेन को छोड़कर सभी देशों के



यूनियन के बाहर के लोग जो यूरोप में रहते हैं और हाइली स्किल्ड वर्कर्स को भी 1 जुलाई से मिलने वाली ढील का लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि यूरोपियन यूनियन ने मार्च महीने में जैसे ही कोरोना वायरस तेजी से फैलना शुरू हुआ, सभी तरह की अनावश्यक यात्रा पर रोक लगा दी। यह रोक 27 यूरोपीय देशों के अलावा नागरिकों के यूरोप में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी थी। यूरोपियन यूनियन ने लॉकडाउन के चलते प्रभावित अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बाहरी सीमाओं को खोलने की सिफारिश की है। जाहिर है इटली, स्पेन, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देश कोरोना की वजह से सबसे प्रभावित रहे हैं।




लॉस एंजिल्स में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन को संबोधित करती एक महिला।

## नेपाली संसद ने विवादित नक्शे को दी मंजूरी, संविधान संशोधन विधेयक पारित

**काठमांडू।** नेपाल की संसद ने देश के विवादित राजनीतिक नक्शे को लेकर पेश हुए संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। वोटिंग के दौरान संसद में विपक्षी नेपाली कांग्रेस और जनता समाजवादी पार्टी-नेपाल ने संविधान की तीसरी अनुसूची में संशोधन से संबंधित सरकार के विधेयक का समर्थन किया। भारत के साथ सीमा गतिरोध के बीच नए नक्शे में लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल ने अपने क्षेत्र में दिखाया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्री शिवमाया थुम्भांगफे ने देश के नक्शे में बदलाव के लिए संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए इस पेश किया था। नेपाल के 275 सदस्यों वाले निचले सदन में विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। निचले सदन से पारित होने के बाद विधेयक को नेशनल असेंबली में भेजा जाएगा, जहां एक बार फिर इसी प्रक्रिया से होकर गुजरना होगा।

# किम की बहन ने दी द. कोरिया को धमकी

## सैन्य कार्रवाई की धमकी से मचा हड़कंप

**प्योंगप्यांग।** उत्तर कोरिया के सनकी तानाशाह किंग किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने सीमा पर देश विरोधी गुब?बारों को रोकने में असमर्थ रहने के लिए दक्षिण कोरिया पर हमला बोला है। सनकी तानाशाह किम जोंग के बाद उनकी बहन भी धमकियों पर उतर आई हैं। किम यो जोंग ने कहा, %सुप्रीम लीडर, हमारी पार्टी और देश की ओर से दी गई शक्तियों का इस्?तेमाल करते हुए मैं हथियारों के विभाग के प्रभारी को यह निर्देश देती हूं कि वे अगली कार्रवाई के रूप में शत्रु के खिलाफ जोरदार कार्रवाई करें।% किम यो की इस धमकी के बाद दक्षिण कोरिया में हड़कंप मच गया है और सुरक्षा अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई गई है। किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया को %शत्रु% करार देते हुए अपनी पुरानी धमकी को दोबारा दोहराया। उन्?होंने कहा कि दक्षिण कोरिया



जल्?द ही सीमा पर बने बेकार संपर्क कार्यालय के बंद होने का गवाह बनेगा। तानाशाह की बेहद शक्तिशाली बहन ने कहा कि वह नॉर्थ कोरिया के सैन्?य नेताओं के ऊपर यह छोड़ती हैं कि वे क?या जवाबी कार्रवाई दक्षिण कोरिया के खिलाफ करते हैं। किम यो जोंग की यह धमकी नार्थ कोरियाई नेतृत?व में उनके प्रभाव को प्रदर्शित करती है। उत?तर कोरिया में सबसे शक्तिशाली और अपने भाई किम जोंग उन की सबसे वफादार कही जाने वाली किम यो जोंग दक्षिण कोरिया के साथ रिश?तों के लिए प्रभारी हैं। तानाशाह की बहन ने दक्षिण कोरिया को धमकी दी कि अगर उसने इस विरोध प्रदर्शन को नहीं रोका तो वह दोनों देशों के बीच हुआ सैन्?य समझौता रद्द कर देंगी। उत?तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच बना संपर्क कार्यालय कोरोना वायरस की वजह से जनवरी से बंद है। इसे वर्ष 2018 में किम जोंग उन और दक्षिण कोरियाई राष?ट्रपति मून जेई इन के बीच तीन शिखर वार्ता के बाद बनाया गया था।

# बीसीसीआई ने अधिकारियों के मीडिया पर बात करने पर रोक लगायी

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी भी आईपीएल आयोजन की उम्मीदें नहीं छोड़ी हैं। उसे उम्मीद है कि हालात बेहतर होने पर यह टी20 मुकाबले खेल जा सकेंगे। वहीं बीसीसीआई ने इसको लेकर लगायी जा रहीं अटकलों से परेशान होकर अब अपने अधिकारियों के मीडिया से बात करने पर रोक लगा दी है। माना जा रहा है कि अगर कोई अधिकारी इस नियम का पालन नहीं करता तो उसे निलंबित भी किया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने मुंबई और बेंगलुरु सहित अन्य कार्यालयों में काम करने वाले लगभग 100 कर्मचारियों और अधिकारियों को ईमेल करके बीसीसीआई की कोई भी जानकारी लीक न करने को कहा है। इस ईमेल में लिखा गया है, %हमने देखा है कि कुछ बीसीसीआई अधिकारी और




कर्मचारी मीडिया से बात कर रहे हैं जबकि यह हमारे अनुबंध के खिलाफ है। इससे बीसीसीआई की संवेदनशील जानकारी के लीक होने का भी खतरा बना रहता है। ऐसे में अगर अब कोई भी बीसीसीआई कर्मचारी बिना जानकारी के ऐसा करता है तो उन्हें बिना वेतन के ही निलंबित कर दिया जाएगा।

## महिला टीम को खिताबी मुकाबलों में जीत इस प्रकार मिलेगी : रमन

**मुम्बई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम कई बड़े खिताबी मुकाबलों में जीत के करीब पहुंच कर हार गयी है। वहीं अब महिला क्रिकेट टीम के कोच डब्ल्यू. वी रमन ने इसका कारण बताते हुए कहा है कि टीम बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में तनाव में आ जाती है जिससे उसे उबरना होगा। कोच ने कहा कि फाइनल में टीम को बिना किसी डर के खेलना होगा। उन्हें बाहर होने वाली बातों से ध्यान हटाना होगा। ये चीजें अनुभव के साथ बेहतर होती चली जाती हैं। रमन ने साथ ही कहा कि टीम में खिलाड़ी की उम्र कोई मायने नहीं रखती बल्कि खिलाड़ी किस तरह बेहतर प्रदर्शन करे, यह ज्यादा अहम होता है।

## गावस्कर को बोरिंग लगते हैं अपने जमाने के क्रिकेट मैच

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का नाम विश्व क्रिकेट के शीर्ष खिलाड़ियों में आता है और इसी खेल के कारण उनकी क्रिकेट जगत में विशेष पहचान बनी है। इसके बावजूद गावस्कर को अपने जमाने के क्रिकेट



मैच देखना पसंद नहीं है। गावस्कर का कहना है कि उन्हें क्रिकेट देखना बोरिंग लगता है, इसीलिए वह अपने पुराने मैच के वीडियो को नहीं देखते। गावस्कर ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान भी वह अपने पुराने मैच के वीडियो नहीं देखते थे हालांकि वह वर्तमान दौर के क्रिकेट को देखना पसंद करते हैं क्योंकि तेजी होने के कारण इसमें रोमांच नजर आता है हालांकि गावस्कर का कहना है कि उन्हें आज के समय का क्रिकेट काफी पसंद है, क ?योंकि इसमें काफी रोमांच होता है। काफी मनोरंजन होता है जबकि पहले के मैचों में ऐसा नहीं होता था उस समय के मैच बेहद धीमें और उबाऊ हुआ करते थे। वहीं इस साल आईपीएल के आयोजन की उम्मीदों पर गावस्कर ने कहा कि उन्हें अब भारत के आईपीएल क्रिकेट मुकाबले का आयोजन मुश्किल लग रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया तय करे टी20 विश्व कप आयोजित कर सकता है या नहीं



**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सचिन तेंडुलकर ने कहा कि टी20 विश्व कप के आयोजन पर अंतिम फैसला क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को लेना है। सचिन ने कहा कि सीए ही यह तय कर सकता है कि अक्टूबर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकता है या नहीं। आईसीसी इस मामले पर अगले माह फैसला करेगी पर मेजबान देश होने के कारण सीए को तय करना है कि उनका देश कोरोना महामारी के इस कठिन दौरान में इस टूर्नामेंट को आयोजित कर सकता है या नहीं। यह सही है कि ऑस्ट्रेलिया में कोरोना वायरस महामारी पर नियंत्रण होने के बाद इसके आयोजन की संभावनाए बढ़ गयी हैं पर अभी भी यात्रा प्रतिबंधों के साथ ही कई अन्य बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक पहलू पर भी गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है। वित्तीय और अन्य पहलुओं पर गौर करना जरूरी है। यह कठिन फैसला है पर क्रिकेट शुरु हो रहा है और यही सबसे बड़ी बात है।% उन्होंने जुलाई में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज के आयोजन का भी स्वागत किया है।

## एनबीए ने सत्र की बहाली के लिए कार्यक्रम शुरु किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय बॉस्केटबाल लीग (एनबीए) ने कोविड-19 महामारी से बाधित सत्र की बहाली के लिये एक कार्यक्रम घोषित किया है। इसमें कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे से बचाव के लिये जरूरी परीक्षण और जुलाई में ट्रेनिंग शिविर से पहले अनिवार्य निजी वर्कआउट भी शामिल है। लीग अब भी स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधित प्रोटोकॉल पूरा करने पर काम कर रही है यह फ्लोरिडा के ओरलांडो के निकट डिज्नी बास्केटबाल परिसर में बहाली के लिये जरूरी नियम बन जायेंगे। उसने टीमों को कहा कि राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी संघ से इन मुद्दों पर चर्चा जारी है। प्रोटोकॉल की सूची में लगातार मास्क पहनना और अन्य निजी सुरक्षा उपकरण रखना भी शामिल है। इनके अलावा रोज तापमान की जांच करना और अपने लक्षण का आंकलन करना भी इस सूची में शामिल है।

# विश्व चैम्पियन साबित करने दबाव से निपटना होगा : गंभीर

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के अनुसार भारतीय टीम कठिन हालातों में दबाव से निपटने में कमी के कारण बिखर जाती है जो उसे दूर करनी होगी। गंभीर ने कहा कि हम तब तक अपने को विश्व चैम्पियन नहीं कह सकते जब तक कि विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में अपने को साबित नहीं करते। भारत ने 1983 और 2011 में दो बार एकदिवसीय विश्व कप खिताब अपने नाम किया है पर भारतीय टीम चार बार वह टूर्नामेंट के सेमीफाइनल चरण से बाहर हो गयी है जिसमें पिछले दो चरण 2015 और 2019 शामिल हैं। टी20 विश्व कप में भारत ने 2007 में शुरूआती चरण में ट्राफी जीती थी और टीम 2014 में फाइनल में पहुंची थी। गंभीर ने एक शो में कहा, ''टीम में एक अच्छे खिलाड़ी और एक बहुत



अच्छे खिलाड़ी के बीच में से क्या चीज आपको अलग करती है, वह है कि आप जरुरी मैचों में कैसा करते हो। मुझे लगता है कि शायद हम दबाव से अच्छी तरह से नहीं निपट पाते जबकि अन्य टीमें दबाव से अच्छी तरह निपट लेती हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप सभी सेमीफाइनल और फाइनल को देखो तो इसमें दिखता है कि जब आप लीग चरण में काफी अच्छा खेलते हो तो सेमीफाइनल या नाकआउट में इतना अच्छा नहीं खेलते, यह शायद आपकी मानसिक मजबूती में कमी ही है।'' गंभीर साल 2011 में विश्व कप खिताब विजेता टीम में शामिल थे। उन्होंने कहा कि भारत तब तक खुद को विश्व चैम्पियन नहीं कह सकता जब तक वे स्वयं इसे साबित नहीं करते।

## लगातार 8वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ी

**मुंबई।** लगातार आठवें दिन रविवार 14 जून को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। देश की सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों




एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसी ने पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों में बढ़ोतरी की है। सरकारी तेल कंपनी इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर दी गई कीमत के मुताबिक रविवार को राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल के दाम 62 पैसे बढ़े है। इस बढ़ोतरी के साथ दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल का दाम 75.78 रुपए हो गए हैं। वहीं, डीजल के दाम 64 पैसे बढ़े है। अब दिल्ली में एक लीटर डीजल की कीमत 74.03 रुपए प्रति लीटर हो गई है। 8 दिनों में पेट्रोल 4.52 रुपए प्रति लीटर और डीजल 4.64 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका है। दिल्ली में 1 लीटर पेट्रोल की कीमत 75.78 रुपए है। वहीं 1 लीटर डीजल 74.03 रुपए प्रति लीटर है। कोलकाता में 1 लीटर पेट्रोल की कीमत 77.64 रुपए है। वहीं 1 लीटर डीजल 69.80 रुपए प्रति लीटर पर है। मुम्बई में 1 लीटर पेट्रोल की कीमत 82.70 रुपए है। वहीं 1 लीटर डीजल 72.64 रुपए प्रति लीटर पर है और चेन्नई में 1 लीटर पेट्रोल की कीमत 79.53 रुपए है।

# रिलायंस जियो प्लेटफॉर्म्स में दो महीने से भी कम में 10 बड़े निवेश हुये

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स में पिछले 2 महीने से भी कम में 10 बड़े निवेश हुए हैं। कोरोना वायरस के दौर में जहां बहुत सी कंपनियों के सामने सर्वाइवल से जूझ रही है, वहीं जियो प्लेटफॉर्म्स ने इस दौरान अब तक कंपनी में कुल 1,04,326 करोड़ का निवेश आ चुका है। कंपनी अब तक 22.38 फीसदी हिस्सेदारी बेच चुकी है। 22 अप्रैल को फेसबुक ने इस कंपनी में निवेश किया, जो अब तक का सबसे बड़ा निवेश था। फेसबुक ने कंपनी में करीब 9.99 फीसदी की हिस्सेदारी खरीदते हुए 43,574 करोड़ रुपए का निवेश किया। फेसबुक के बाद सिल्वर लेक कंपनी ने जियो प्लेटफॉर्म्स की 1.15 फीसदी की हिस्सेदारी खरीद ली और 5,665.75 करोड़ रुपए का निवेश किया। ये डील 5 मई को हुई। कुछ ही दिन बाद 8 मई को फिर से अमेरिका की विस्टा इक्विटी




पार्टनर्स कंपनी ने जियो प्लेटफॉर्म्स के 2.32 फीसदी शेयर खरीद लिए और 11,367 करोड़ रुपए में यह डील हो गई। 17 मई को जियो प्लेटफॉर्म्स को एक और निवेशक मिला और ग्लोबल इक्विटी फर्म जनरल अटलांटिक ने 1.34 फीसदी हिस्सेदारी को 6,598.38 करोड़ रुपए में खरीद लिया। इसके कुछ दिन बाद 22 मई को जियो प्लेटफॉर्म्स को पांचवां निवेशक मिला। अमेरिका की इक्विटी कंपनी केकेआर ने कंपनी में 2.32 फीसदी हिस्सेदारी 11,367 करोड़ रुपए में खरीद ली। 5 जून को कंपनी में अबूधाबी के वेल्थ फंड मुबाडाला इन्वेस्टमेंट ने 1.85 फीसदी की हिस्सेदारी 9,093.60 करोड़ रुपए में खरीद ली। 5 जून को ही प्राइवेट इक्विटी फंड सिल्वर लेक ने जियो प्लेटफॉर्म्स की 0.93 फीसदी हिस्सेदारी 4,546.80 करोड़ रुपए में खरीद ली। कुछ ही दिनों के बाद 8 जून को कंपनी को आठवां निवेशक मिल गया। अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी ने कंपनी में 1.16 फीसदी की हिस्सेदारी 5683.50 करोड़ रुपए में खरीद ली। शनिवार को 13 जून को अमेरिकन इन्वेस्टमेंट फर्म टीपीजी कै ?पिटल ने जियो में 4546.80 करोड़ का निवेश किया है। उसने कंपनी में 0.93 फीसदी हिस्सेदारी खरीद ली है। 13 जून को ही देर रात तक एक और खबर आ गई कि एल कैटरटन ने भी 1894 करोड़ का निवेश किया है।

